आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 03.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ वातावरण के लिए सड़कों के बीच खाली स्थानों पर बांस के पौधे लगाएं जाएंगे।
- प्रदेश में नगर निकाय चुनावों के लिए आज प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किये जाएंगे।
- जमरानी बांध निमार्ण से प्रभावितों के विस्थापन के लिए शासन ने 127 करोड़ रूपये की अतरिक्त धनराशि जारी की।
- रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुंड में बेली ब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में।

राज्य स्तरीय बैठक

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ हवा की दिशा में उत्तराखंड सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की चौथी राज्य स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सबसे प्रमुख चर्चा इलेक्ट्रिक वाहनों के अनुकूलन और उनके लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर हुई। मुख्य सचिव ने सभी शॉपिंग मॉल में ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिए ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन मिले और प्रदूषण में कमी आए। इसके साथ ही, उन्होंने वाहनों के संबंध में स्क्रैप पॉलिसी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि पुराने वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोका जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहरी क्षेत्रों में हरित वातावरण तैयार करने की योजना के तहत ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएगी। मुख्य सचिव ने सड़कों के मध्य खाली स्थानों और ट्रैफिक कॉरिडोर में बांस के पौधे लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान श्रीमती रतूड़ी ने नगर निगम स्तर पर गठित टास्क फोर्स को सक्रिय करने और कूड़ा जलाने की गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में शहरी यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने और सड़कों की मरम्मत के जरिए धूल नियंत्रण के प्रयासों को तेज करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य वर्ष 2025–26 तक प्रदूषण में 40 प्रतिशत तक कमी लाने का है। इसके लिए सभी विभागों को मिलकर ठोस कार्ययोजना के साथ काम करना होगा।

नाम वापसी

प्रदेश में नगर निकाय चुनावों में प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद आज प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किये जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पार्टियों के टिकट से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को पार्टी का चिह्न मिलेगा। जबकी निर्दलीय या गैर मान्य पंजीकृत दलों के प्रत्याशियों को तय चुनाव चिह्न दिये जाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार नाम वापसी के बाद टिहरी जिले की नगर पालिका देवप्रयाग के पालिका अध्यक्ष, उधम सिंह नगर जिले के नानकमत्ता नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष और दिनेशपुर नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। साथ ही प्रदेशभर में 44 पार्षद और सभासद भी निर्विरोध चुने गये हैं। नाम वापसी के बाद प्रदेश के नगर निगमों में महापौर पद के लिए 72, नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए 211 और नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए 231 प्रत्याशी मैदान में अनी किस्मत आजमा रहे हैं।

चेकिंग अभियान

वहीं, निकाय चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश भर में चलाये जा रहे चेकिंग अभियान में पुलिस ने अलग–अलग जिलों से भारी मात्रा में शराब और मादक पदार्थ पकड़ी गई हैं। पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि के साथ ही चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान न हो इसे लेकर पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है और राज्य में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर से चल रहे इस चेकिंग अभियान में अब तक तीन हजार 700 लीटर अवैध शराब और 187 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ पुलिस ने पकड़े हैं। बरामद अवैध शराब की कीमत 15 लाख रुपए है, जबकि अन्य मादक पदार्थ की कीमत 6 करोड़ रुपए आंकी गई है।

उत्तराखंड उच्च न्यायालय

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने कूड़ा बीनने वालों और उनके बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने की स्थिति में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने न्यायमित्र को इन लोगों की समस्याओं का आंकलन करने और यह जांचने के लिए कहा है कि उन्हें राज्य और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। इस रिपोर्ट को 9 जनवरी तक कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।

समीक्षा

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने राजधानी में अपंजीकृत मदरसों की स्थिति की समीक्षा के लिये संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने

क्षेत्र में चल रहे अपंजीकृत मदरसों की पूरी जानकारी दें और उनके निरीक्षण के बाद आवश्यक कार्रवाई करें। इसके साथ ही पंजीकृत मदरसों के बारे में रिपोर्ट पेश करने को भी कहा गया है।

## स्वच्छता

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने नगर निकाय अधिकारियों को कूड़ा संग्रहण और कूड़ा पृथक्करण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरवासियों को कूड़ा पृथक्करण के लिये जागरूक करने को कहा है। साथ ही गलियों में कूड़ा जलाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## जमरानी बांध

जमरानी बांध निमार्ण से प्रभावित हो रहे परिवारों के विस्थापन के लिए शासन ने 127 करोड़ रूपये की अतरिक्त धनराशि जारी कर दी है। सिंचाई ॅविभाग के प्रमुख अभियंता ने प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए 27 दिसम्बर 2024 को शासन से अतरिक्त धनराशि जारी करने की मांग की थी। इसके बाद सचिव सिंचाई आर. राजेश कुमार ने इसके आदेश जारी कर दिये हैं। जारी धनराशि से बांध क्षेत्र के 1 हजार 267 परिवारों का विस्थापन किया जाएगा। इसके लिए अब तक एक हजार 20 परिवारों का सत्यापन का कार्य हो चुका है। उधर, शासन ने उत्तरकाशी जिले नौगांव के सरनौल से सरुताल ट्रेक को पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने के लिए 74 लाख 20 हजार की धनराशि को मंजूरी दे दी है। साथ ही निमार्ण कार्य के लिए इस वित्तिय वर्ष में 40 लाख की धनराशि जारी कर दी है।

## बेली ब्रिज निर्माण

रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुंड में मंदाकिनी नदी पर 70 मीटर बेली ब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। 15 जनवरी तक पुल का निमार्ण कार्य पूरा होना की उम्मीद है। विशेष अनुमति के तहत यह बेली ब्रिज बनाया जा रहा है। इसके बनने से केदारघाटी के लिए बड़े वाहनों का संचालन पूरी सुरक्षा के साथ किया जाएगा। गौरतलब है कि बीते वर्ष जुलाई में भारी बरसात से रुद्रप्रयाग–गौरीकुंड पर कुंड में 48 मीटर स्पॉन के स्टील गार्डर पुल के एक पिलर की बुनियाद क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे पुल से छोटे–बड़े वाहनों का संचालन बंद कर दिया गया था। पिलर की मरम्मत के बाद पुल से छोटे वाहनों को , जबकी बड़े वाहनों को कुंड–चुन्नी मंगोली–विद्यापीठ–गुप्तकाशी मार्ग से भेजा गया। मार्ग संकरा होने के कारण यहां रोजाना जाम लग रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए सेना की मदद से कुंड में प्रभावित पुल से कुछ दूरी पर 70 मीटर बेली ब्रिज का निर्माण शुरू किया गया।

छह कोच

प्रयागराज में 13 फरवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के लिए चलाई जा रही विशेष ट्रेन में सीट बुकिंग शुरू हो गई है। यह विशेष ट्रेन देहरादून रेलवे स्टेशन से 18, 21 और 24 जनवरी को सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर प्रयागराज के लिए रवाना होगी। वहीं प्रयागराज महाकुंभ गंगा स्नान करने के लिए जाने वाले प्रदेशभर के श्रद्धालुओं के लिए रेलवे ने ऋषिकेश–प्रयागराज ट्रेन में छह अतिरिक्त कोच लगाने की मंजूरी दी है। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि प्रयागराज से ऋषिकेश अप एक्सप्रेस में 12 जनवरी से 27 फरवरी तक और ऋषिकेश से प्रयागराज डाउन एक्सप्रेस में 13 जनवरी से 28 फरवरी तक छह अतरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

प्रवेश पत्र जारी

12 जनवरी को होने वाली सब–इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के लिए उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट (ukpsc.net.in) पर जाकर आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए आवेदक को अपना आवेदन नंबर और पासवर्ड दर्ज करना होगा। उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर बनाई जाएगी।

खिलाड़ी चयन

रुद्रप्रयाग जिले में अगस्त्यमुनि ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज खेड़ाखाल के छात्र सूजल कुमार का चयन राष्ट्रीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। गत वर्ष 26 से 28 नवंबर तक देहरादून में आयोजित हुई विद्यालयी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीआईसी खेड़ाखाल से हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए 8 सदस्यीय टीम ने प्रतिभाग किया था, जिसमें सूजल कुमार भी शामिल था। अब, सूजल आगामी 10 से 14 जनवरी तक तेलंगाना के महबूब नगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय में तैनात व्यायाम शिक्षक प्रभात सिंह पुंडीर के मार्गदर्शन में सूजल ने नियमित अभ्यास किया। श्री पुंडीर ने राष्ट्रीय विद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता में सूजल का चयन होने पर खुशी जताई है।

मौसम

और एक नजर आज के मौसम पर... प्रदेश के मैदानी हिस्सों में आज सुबह कोहरा छाया रहा। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में पाला पड़ने और सर्द हवाएं चलने से सुबह–शाम कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले दो दिन राज्य में मौसम साफ रहेगा। विभाग के अनुसार आगामी छह जनवरी को देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, टिहरी और चमोली में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

जबकी पांच से सात जनवरी के बीच राज्य के अत्यधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में बर्फबारी हो सकती है।